breakthrough

ब्रेकथ्रू और महिला सम्मान प्रकोष्ठ का यौन उत्पीड़न के खिलाफ #Askingforit अभियान

ऑटो और टैक्सी वाले सेक्सुअल हैरेसमेंट के खिलाफ लोगों को करेंगे जागरुक

एडीजीपी सुतापा सान्याल ने झंडा दिखाकर किया रवाना

लखनऊ 16 मई 2015, मानवाधिकार और महिला हिंसा के खिलाफ काम करने वाली स्वंयसेवी संस्था 'ब्रेकथ्रू' और 'महिला सम्मान प्रकोष्ठ' ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ चलाए जा रहे अपने अभियान **#Askingforit** से अब ऑटो और टैक्सी वालों को जोड़ा है। ये लोग अब यौनिक हिंसा के खिलाफ लोगों को जागरुक करेंगे।इसी के तहत आज महिला सम्मान प्रकोष्ठ की एडीजीपी सुतापा सान्याल ने **#Askingforit** के पोस्टर व महिला हेल्पलाइन नंबर लगे ऑटो और टैक्सी को झंडा दिखाकर 1090 चौराहे से रवाना किया।इस मौके पर फ्रेम,आली,दस्तक और एस फाउंडेशन स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहें और कार्यक्रम को अपना विशेष सहयोग दिया।

इस मौके पर ब्रेकथ्रू की स्टेट मैनेजर कृति प्रकाश ने कहा कि यह अभियान खास तौर से सार्वजनिक परिवहन और बस,ऑटो स्टाप्स को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए शुरू किया गया।यह अभियान हमारे उस सर्वे पर आधारित हो जो हमने उत्तर प्रदेश सहित देश के 6 राज्यों में किया है।जिसके मुताबिक 90 फीसदी महिलाओं का माना कि घर से बाहर निकलने पर सार्वजनिक परिवहन पकड़ने के स्थान जैसे ऑटो और बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों पर उन्होने कभी न कभी यौन उत्पीड़न का सामना किया है।उस अभियान के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम सार्वजनिक जगहों व परिवहन को महिलाओं के लिए पूरी तरह सुरक्षित बनाएं जिससे वह बिना भय के अपनी इच्छा के अनुसार कही भी आ-जा सके।

इस मौके पर महिला सम्मान प्रकोष्ठ की एडीजीपी सुतापा सान्याल ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न एक बहुत ही गंभीर मामला है।अकसर इसे सामान्य छेड़छाड़ से जोड़कर देखा जाता है,जिससे यह मुद्दा बहुत ही हल्का हो जाता है।लेकिन हमें यह समझना चाहिए की यह गंभीर मुद्दा है क्योंकि इस तरह की एक घटना किसी भी लड़की या महिला के भविष्य को पूरी तरह बदल देती है।इसे रोकने के लिए पुलिस के साथ ही आम लोगों के भी सहयोग की जरूरत है।महिला सम्मान प्रकोष्ठ अपनी तरफ ऐसा माहौल बनाने का पूरा प्रयास कर रहा है जहां महिलाओं को पूरा सम्मान व हक मिले।

इस मौके पर वूमेन पॉवर लाइन के प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने कहा कि यह प्रयास काफी सराहनीय है।1090 भी इस दिशा में प्रभावी तरीके से काम कर रहा है।हमें बस आप का सहयोग और समर्थन चाहिए।

अपर पुलिस अधीक्षक,यातायात ब्रजेश मिश्र ने कहा कि पुलिस विभाग भी अपने स्तर से महिलाओं के लिए सुरक्षित सफर का प्रयास कर रहा है,हमें इस अभियान में आम जन की भागेदारी की जरूरत है,जिससे यह अभियान सफल हो।

इस मौके पर लखनऊ आटो रिक्शा थ्री व्हीलर संघ के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने कहा कि हम इस अभियान में पूरी तरह से भागेदारी निभाएगें और हम अपने ऑटो को महिलाओ व लड़कियों के लिए पूरी तरह सुरक्षित बनाने का प्रयास करेंगे।हम चाहते है कि हमें भी सामाजिक सरोकार के मामलों में साझेदार समझा जाए।

व्यावसायिक ड्राइवर कल्याण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हम ड्राइवरों को इस मुद्दे के प्रति जागरुक करेंगे कि वो खास तौर से महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा के लिए अपनी टैक्सी को सुरक्षित बनाए साथ ही अन्य लोगों को भी इस मुद्दे से जोड़ कर बदलाव लाने में अपना योगदान दें।

इस मौके पर ब्रेकथ्रू की तरफ से **द फकीरा** ग्रुप ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यौन उत्पीड़न के बारे में लोगों को समझाने का प्रयास किया कि किस तरह से एक लड़की या महिला के साथ यौन उत्पीड़न की घटना होती है और उसकी जिदंगी पर इसका क्या असर पड़ता है साथ ही इसमें उस आम आदमी की क्या भूमिका हो सकती है जिसके सामने यह घटना हो रही है।

कार्यक्रम में ब्रेकथ्रू से अर्चना,सुनील,मनीष,विनीत,मोहित,रिंकी स्वंयसेवी संस्था फ्रेम से धीरज,आशीष,रूचि,शगुन औऱ सगीर,आली से रेनू मिश्रा,दस्तक मंच से दीपक कबीर और वीना राना,एस फाउंडेशन से जीशान शामिल हुए।

ब्रेकथ्रू के बारे में :-

ब्रेकथ्रू एक मानवधिकार संस्था है जो महिलाओं और लड़कियों पर होने वाली हिंसा औऱ भेदभाव को मिटाने के लिए काम करती है।

कला,मीडिया,लोकप्रिय संस्कृति और सामुदायिक भागेदारी से हम लोगों को एक एसी दुनिया बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं,जिसमें हर कोई सम्मान,समानता और न्याय के साथ रह सके।

हम मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को मुख्य धारा में ला रहे हैं। उसे दुनिया भर के समुदाय और व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक और जरूरी बना रहे हैं।इस सबके साथ हम युवाओं,सरकारी अधिकारियों और सामुदायिक समूहों को विस्तृत प्रशिक्षण भी देते हैं जिससे एक नयी ब्रेकथ्रू जेनरेशन सामने आए जो अपने आस-पास की दुनिया में बदलाव ला सके।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करिए :-

विनीत त्रिपाठी

ब्रेकथ्रू

09792267809